एक नजर में

बड़वाह में नववर्ष 2026 का स्वागत अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं आत्मीय वातावरण में किया

बड़वाह, निप्र। बड़वाह मैं दशेरा मैदान ज्योतिरमय मूकबधिर निशुल्क विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत नववर्ष 2026 का स्वागत अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं आत्मीय वातावरण में किया गया। यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि मूकबधिर बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक समावेशन को सशक्त करने का एक सार्थक प्रयास था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका की कुलदीप किंशुक अपने परिवार सहित उपस्थित रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति से बच्चों का उत्साह कई गुना बढ़ गया। विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। माननीय अतिथि ने बच्चों को स्नेह, प्रेरणा एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मिठाई वितरण कर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी गई तथा विभिन्न खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में सहभागिता, टीम भावना एवं आत्मनिर्भरता का विकास किया गया। विद्यालय भवन को रंग-बिरंगे गुब्बारों और सुगंधित फूलों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण आशा, आनंद और नवचेतना से भर उठा। बच्चों ने पेपर कटिंग एवं ड्रॉइंग के माध्यम से '2026' विषय पर अपनी कल्पनाओं, सपनों और भावनाओं को कलात्मक रूप दिया। उनकी बनाई गई आकर्षक कलाकृतियाँ यह संदेश दे रही थीं कि दिव्यांगता कमजोरी नहीं, बल्कि एक विशेष क्षमता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के भीतर आत्मविश्वास जगाना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच देना तथा समाज को यह संदेश देना था कि उचित अवसर और सहयोग मिलने पर मूकबधिर बच्चे भी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

वृक्षारोपण अभियान में जुटे स्मृति कल्प संस्थान को सेवा सम्मान प्रदान किया

सनावद, निप्र। पर्यावरण संरक्षण एवं नर्मदा तटों पर वृक्षारोपण अभियान में जुटे स्मृति कल्प संस्थान सनावद (टोकसर) को सेवा सम्मान प्रदान किया गया है। यह सम्मान स्मृति कल्प संस्थान के अध्यक्ष रामकेश मोरानिया, डॉ .जितेंद्र बिरला एवं उनके सहयोगियों को अलायंस इंटरनेशनल के इंटरनेशनल एडवाइजर,प्रख्यात डायबिटीज,मोटापा एवं थायरॉइड विशेषज्ञ, तथा आरएसएसडीआई के प्रदेश सचिव डॉ. राजेश अग्रवाल ने प्रदान किया। डॉ .अग्रवाल ने कहा कि यह सेवा सम्मान स्व.भेरूलाल जी अग्रवाल (बोहेड़ा वालों) की स्मृति में, उनके सुपुत्र बाबूलाल अग्रवाल (दरबारी) एवं पौत्र सुनील, अनिल एवं सतीश अग्रवाल के सौजन्य से दिया जाता है। सम्मान स्वरूप 11,111 रु नगद राशि एवं सम्मान पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान ऐसे व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रदान किया जाता है, जो नि:स्वार्थ भाव से परमार्थ कार्यों में संलग्न रहकर देश एवं समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

उल्लेखनीय है पूर्व में यह सेवा सम्मान :- परपीड़ाहर सहायता संस्था,विसर्जन आश्रम के संस्थापक किशोर गुप्ता,भारत की बेटी फाउंडेशन की सुरभि गुप्ता, मुस्कान ग्रुप तथा सेवा भारती संस्था को प्रदान किया जा चुका है।

गोमती गौशाला में मंत्रोच्चार के साथ रामायण महायज्ञ की आहुति दी

खरगोन, निप्र। समीपी ग्राम देवली स्थित मां गोमती गौशाला में आयोजित 4 दिवसीय रामायण महायज्ञ की शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुर्णाहुति डाली गई। समापन अवसर पर यज्ञ वेदी में वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां दी गईं और भगवान श्रीराम की आराधना की गई। रामायण महायज्ञ में आचार्य गोरेलाल सोहनी, अवनीश तारे, पंडित तरुण शर्मा, पंडित हेमंत शर्मा, पंडित भूपेंद्र परसाई, पंडित प्रवीण शर्मा एवं पंडित आनंद स्वरूप मलतारे सहित विद्वान आचार्यों ने दोहा, चौपाई, छंद एवं सोरठा सहित संपूर्ण रामायण का पाठ किया गया। चार दिनों तक चले इस आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने कथाए पाठ और यज्ञ अनुष्ठान में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। समापन अवसर पर प्रसादी वितरण भी किया गया।

रेखा राठौर को सौंपा जिला पंचायत सीईओ का प्रभार

खरगोन, निप्र। मध्य प्रदेश शासन द्वारा श्री आकाश सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खरगोन को अपर आयुक्त नगर पालिका निगम इंदौर में नवीन पदस्थापना पर स्थानांतरित कर 03 जनवरी 2026 को भारमुक्त कर दिया गया है। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा शासकीय सुविधा को ध्यान में रखते हुए अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर को उनके वर्तमान प्रभार के साथ-साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खरगोन का सम्पूर्ण प्रभार अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

6 जनवरी को आईटीआई खरगोन में युवा संगम का आयोजन

खरगोन, निप्र। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 06 जनवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 .00 बजे तक शासकीय आई .टी .आई . खरगोन में युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला) का आयोजन किया जा रहा है। इसमें निजी कम्पनियों द्वारा भर्ती की जाएगी। साथ ही स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदाता शासकीय विभागों द्वारा भी युवाओं को स्वरोजगार संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती प्रीतिबाला सस्ते ने बताया कि रोजगार मेले में 8वीं से स्नातक/स्नातकोत्तर/आई .टी .आई . उत्तीर्ण युवक, जिनकी उम्र 18 से 30 वर्ष हो, अपनी शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूचियां, रिज्यूम/सीवी, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी (अनिवार्य), अन्य प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां तथा अपने पासपोर्ट साइज के दो फोटो लेकर मेला में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते हैं।

दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में 15 टीमें ले रही हिस्सा

खरगोन, निप्र। लक्ष्य क्रिकेट क्लब द्वारा खण्डवा रोड़ स्थित खेल मैदान पर दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुमित चौहान, नगर पालिका उपाध्यक्ष भोलु कर्मा एवं ब्लॉक खेल अधिकारी जितेन्द्र हिरवे ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। क्लब अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता 15 टीमों ने भाग लिया है और इसका फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जायेगा। जिसमें विजेता टीम 14 हजार और उपविजेता को 7 हजार रूपये एवं ट्राफी दी जायेगी। आयोजन के दौरान खेल भावना और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर लक्ष्य क्रिकेट के हरिओम कर्मा, अभिनंदन कुशवाह, प्रवीण पटेल, विजय पटेल, नितेश आदि मौजूद रहे।

चक्काजाम करने वाले प्रदर्शनकारियों पर पुलिस का बल प्रयोग

शराब ठेकेदार के वाहन से टक्कर का आरोप लगाकर घायल के उपचार के लिए कर रहे थे राशि की मांग

प्रदर्शनकारी उपचार में खर्च की गई करीब 15 लाख रुपए से अधिक राशि की मांग कर रहे थे

नवभारत न्यूज़

खरगोन, निप्र। शहर के बिस्टान रोड़ पर आम दिनों की तरह हो रही आवाजाही उस समय बाधित हो गई, जब कथित तौर पर शराब ठेकेदार के वाहन से सड़क हादसे में घायल युवक की तीन सप्ताह बाद भी हालत में सुधार नही होने से नाराज परिजनों ने शनिवार शाम बिस्टान नाके पर चक्काजाम प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी उपचार में खर्च की गई करीब 15 लाख रुपए से अधिक की राशि की मांग कर रहे थे। चक्काजाम के दौरान आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने शाम करीब 5.30 बजे यात्री बस पर पथराव करने के

साथ ही शासकीय शराब दुकान पर भी हंगामा करने का प्रयास किया। हालात बिगड़ते देख अधिकारियों का ईशारा मिलते ही तैनात पुलिसकर्मियों ने हल्का बल प्रयोग किया, जिससे प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए। इस दौरान तीन से चार लोगों को लिया हिरासत में भी लिया गया। मौके पर डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन, एसडीओपी रोहित लखारे सहित टीआई बीएल मंडलोई मौजूद थे। करीब डेड़ घंटे तक चले इस हंगामें के बाद मार्ग पर आवागमन भी सुचारु हो गया। उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर 17 दिसंबर को बिस्टान नाका सहित खंडवा रोड़ स्थित शराब दुकान पर पथराव की घटना भी हो चुकी है। प्रदर्शन समाचार लिखे जाने तक शाम करीब 6 बजे तक जारी रहा। दोपहर करीब 3 बजे बिस्टान नाका पहुंचे घायल सावन पिता कमल की मां कुसुम बाई, रिश्तेदार रोहित गरासे ने बताया कि 17 दिसंबर को बोरखेड़ा निवासी सावन पिता कमल सहित दिलीप डावर निवासी दामखेड़ा बाईक पर सवार थे, इसी दौरान उन्हें शराब ठेकेदार के वाहन में शराब कर्मचारियों ने जान से मारने की नियत से टक्कर मार दी थी। इस हादसे में दिलीप को हल्की चोंटे आई जबकि सावन के पेट में गहरा जख्म हो गया। जिसके उपचार में अब तक 15 लाख रुपए खर्च हो चुके है, इसके बाद भी उसकी हालत में सुधार नही हो रहा है। परिवार ने सावन के उपचार सहित उसके भरण- पोषण के लिए भी आर्थिक मदद की मांग की है।

आजीवन नर्मदा जल पीने का संकल्प लिया

मंडलेश्वर, निप्र। नगर के पश्चिम क्षेत्र में पवित्र नर्मदा तट पर स्थित श्री रंगधाम आश्रम में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति शनिवार को श्रद्धा भक्ति के साथ दी गई पूर्णाहुति के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। पथराड़ की श्रीमती उर्मिला बहन पाटीदार ने समापन अवसर पर श्री रंगधाम आश्रम का परिचय देते हुए बताया कि यह आश्रम नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए एक अच्छा और सर्व सुविधायुक्त अन्नक्षेत्र है।यहां सन 2014 में गुजरात के संत द्वारकादास जी बापू द्वारा सीमित साधनों में आश्रम स्थापित कर नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिएअन्नक्षेत्र शुरू किया गया था।जहां अब एक दिन में 100 से अधिक परिक्रमा वासी भी ठहर सकते है उनके भोजन पानी की व्यवस्था आश्रम द्वारा की जाती है। आश्रम के संत द्वारका दास बापू का संकल्प है कि वे अब जीवन भर सिर्फ नर्मदा जल ही ग्रहण करेंगे यदि वे कही प्रवास पर होंगे तो अपने साथ नर्मदा जल लेकर ही जाएंगे।

हर पूर्णिमा पर होता है सत्संग:- यह पुण्य क्षेत्र पूर्णिमा के लिए भी ख्याति प्राप्त कर चुका है। यहां प्रत्येक पुर्णिमा पर सत्संग के साथ महाप्रसाद का वितरण किया जाता

है आश्रम के इस प्रकल्प से भी कई लोग जुड़ रहे है।संत द्वारका बाबू कथा को अपना आहार मानते है। नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ग्राम पंचायत लाड़वी के सरपंच रतन सिंह रंधावा भी भागवत कथा के समापन पर रंगधाम आश्रम पहुंचे और व्यास पीठ को नमन कर संत श्री का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।गांधी नगर के समाज सेवक दशरथ यादव मंशाराम वर्मा सुभाष यादव पवन सिंह तवर एडवोकेट एस एल यादव सहित भक्त गण ने कथा श्रवण की।

पुरोहित बने असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट्स के प्रदेश उपाध्यक्ष

खरगोन, निप्र। शहर के वरिष्ठ पत्रकार प्रदेश रेडक्रॉस सोसायटी के पूर्व चेयरमेन आशुतोष पुरोहित को प्रदेश के अग्रणी पत्रकार संगठन असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट्स का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने पुरोहित की संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए की है। ।

शाकम्भरी जयंती मोहत्सव में सुबह से देर रात तक होंगे अनुष्ठान

इंदौर. साग-सब्जी, फल-फूल उपलब्ध कराने वाली मां शाकम्भरी देवी सकराय माताजी के 26वें महोत्सव की तैयारियां अंतिम दौर में पहुँच गई हैं. महोत्सव इस बार 3 जनवरी को बायपास स्थित सम्पत पैलेस गार्डन पर मनाया जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध परंपरागत तांडव आरती के साथ ही दोपहर में माँ शाकम्भरी का मंगल पाठ भी होगा. महोत्सव में सुबह से रात तक विभिन्न आयोजन होंगे। महोत्सव में माँ शाकम्भरी को समर्पित करने के लिए कोलकाता से चुनिन्दा 11 किस्म के फूलों का गजरा बुलवाया जा रहा है जिससे माता रानी के दरबार का भव्य श्रृंगार कर पंडाल भी सजाया जाएगा. शाम को 101 कन्याओं के पूजन के पूर्व दोपहर में 2 बजे से मंगल पाठ प्रारंभ होगा। शुक्रवार को मातारानी का भव्य दरबार बनकर तैयार हो गया. आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम संयोजक प्रभारी गोपाल अग्रवाल, रामप्रसाद सोंथलिया एवं जयेश अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ आचार्य प. प्रद्युम्न दीक्षित एवं आचार्यों के निर्देशन में सुबह 9 बजे स्थापना एवं मंडल पूजन के साथ होगा. मंगल पाठ में सरोज ऐरन, विमलादेवी धानुका, पुष्पादेवी खंडेलवाल, मुकेश अग्रवाल एवं शिमला देवी अग्रवाल की सहभागिता रहेगी।

निर्मल बने अभाविप मालवा प्रांत के प्रांत सह मंत्री

खरगोन, निप्र। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मालवा प्रांत का 58वां प्रांत अधिवेशन रतलाम में आयोजित किया गया। तीन दिवसीय इस अधिवेशन में मालवा प्रांत के 18 जिलों से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। अधिवेशन के अंतिम दिन संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई, जिसमें

खरगोन जिले के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता निर्मल चौहान को अभाविप मालवा प्रांत का प्रांत सह मंत्री नियुक्त किया गया। उन्हें खरगोन विभाग संयोजक का पुन: दायित्व भी सौंपा गया। नवीन दायित्व की घोषणा के बाद निर्मल के खरगोन आगमन पर अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं और संगठन के प्रति उनके समर्पण एवं संघर्ष को सम्मान दिया।

बड़वाह क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध मदिरा व मदिरा बनाने की सामग्री जब्त

बड़वाह, निप्र। खरगोन जिले में कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त जिला-खरगोन के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे लगातार विशेष अभियान के तहत आबकारी जिला-खरगोन के वृत्त- बड़वाह, सनावद, कसरवद व महेश्वर द्वारा की गई संयुक्त दबिश में आज दिनांक 01.01.2026 को प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष के मार्गदर्शन में बड़वाह वन क्षेत्र में अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों पर कार्रवाई कर ग्राम मठ पलस्या, टिटवा पलस्या एवं रावत पलस्या क्षेत्र के में अलग-अलग स्थान पर कार्यवाही कर प्रभारी मनीष राठौर सहायक जिला आबकारी अधिकारी

एवं वृत्त प्रभारी शिवम चौरसिया आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क,च के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए। 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 7600 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर महुआ लहान के सेम्पल लेकर शेष लहान नष्ट किया गया। कुछ स्थानों पर मदिरा/ महुआ लाहन घने जंगलों में नाले किनारे छिपाकर रखी गई थी जिसे सघन तलाशी कर जप्त किया गया। कार्रवाई में जब्त अवैध मदिरा तथा सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य रु.7,77,000/-(सात लाख सतत्तर हजार रूपए) है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक ओपी मालवीया एवं देवराज नगीना के साथ आरक्षक प्रजोत चौधरी, गोविंद सेल्टिया, शिवनारायण कटारे, संतोष वर्मा, यूनुस ख़ान, अमन सिंह, नवनीत पाल तथा शीतल कारोले का विशेष योगदान रहा।

सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा शनिवार

खरगोन, निप्र। नए साल की शुरुआत के साथ ही जिले में तापमान तेजी से नीचे गिरने लगा है। शनिवार का दिन सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। सुबह 7 बजे से छाया कोहरा दोपहर 12 बजे तक जारी रहा। आसमान में बादल छाए रहने और कोहरे की धुंध से जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं वाहन चालको को परेशानियां भी झेलना पड़ी। दोपहर बाद भी सूरज की लुकाछिपी जारी रही। बहरहाल सुबह से शाम तक मौसम सर्द बना रहा। इस सीजन में शनिवार से पहले याने शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री दर्ज किया गया था। जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार को दिन का तापमान करीब एक डिग्री गिरकर 27.4 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री दर्ज किया गया। दिन में ठंड बढने से लोगों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

20 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर शाासकीय स्कूल प्रांगण में रात्रि को बैठक

बिस्टान, निप्र। आगामी 20 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर नगर के शासकीय स्कूल प्रांगण में रात्री को बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर समितियों का गठन किया गया जिसमें नगर सयोंजक हीरालाल यादव सहसयोंजक महेन्द्र पंडित को बनाया गया। खण्ड सयोंजक लोकेंद्र पव्वार ने बताया कि 20 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन नगर के बाज़ार चोक में होगा। इसको लेकर 14 बस्तियों में अक्षत कलश पूजन भेंट किए गये है। नगर सयोंजक हीरालाल यादव ने बताया कि हिन्दूसम्मेलन के आयोजन को लेकर पीले चावल रख सभी हिंदूओ को आमंत्रित किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य इसमे मातृ भूमि की उपासना मानव में देवत्त्व की दृष्टि ,समरसता और सँगठित हिन्दू समाज भारत माता को परम वैभव पर ले जाया जाये। भारत पुन: विश्वगुरु बने इसलिए नगर में हिन्दू सम्मेलन आयोजीत किया जाएगा। सनातन धर्म को घर घर पहुचाने एवं राष्ट्र चेतना की प्रखरता के लिए हिन्दू भाईयों के घर घर पहुँच कर सम्मेलन में आने का आग्रह किया जाएगा।

एक नजर में

कवियों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की दूरदर्शिता को कविताओं के माध्यम से किया नमन

एक अटल क्या चले गए हैं, जग सूना सूना लगता है : डॉ मनहर

नवभारत न्यूज़

खरगोन, निप्र। पुर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न एवं कवि अटल बिहारी का जन्म शताब्दी वर्ष भारतीय जनता पार्टी ने सप्ताह पर्व के रुप में मनाया। शुक्रवार को जैतापुर स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे के मार्गदर्शन एवं जिला उपाध्यक्ष व राष्ट्रीय कवि शंभूसिंह मनहर के संयोजन में काव्यांजलि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा राठौर, पूर्व माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड उपाध्यक्ष भागीरथ कुमरावत, मंडल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे ने कवियों का सम्मान कर उन्हें शॉल-श्रीफल भेंट किया। गोष्ठी में कार्यक्रम संयोजक श्री मनहर ने श्याम वर्ण चूना लगता है, दुख दूना-दूना लगता है। एक अटल क्या चले गए है, जग सूना सूना लगता है... पंक्तियां सुनाकर अटल जी का देश को दिया योगदान एवं उनकी कमी को वर्णन किया। कवि सम्मेलन मोहन परमार, राकेश यादव, अजय मंडलोई, बृजेश बडोले, प्रशांत डोंगरे, कुशल सोनी, दगडू सिंह तंवर सहित अतिथियों ने मां

सरस्वती एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। कवियों ने अटलीजी के व्यक्तित्व पर विचार रखते हुए उन्हें दुरदर्शी एवं भविष्य निर्माता बताते हुए कहा कि अगर अटल जी परमाणु परीक्षण नही करते तो आज हम ऑपरेशन सिंदूर की सफलता शायद नही देख पाते। यह उन्हीं की दुरदर्शिता है कि आज हम न केवल सामरिक एवं आधुनिक शस्त्रों से संपन्न हैए बल्कि आर्थिक रुप से भी मजबूत हो गए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उन्हीं को आदर्श मानकर आज जो कार्य कर रहे हैए वह अटल जी को ही समर्पित है। कार्यक्रमों में कवियों ने अपनी रचनाओं और अटल जी के बहुआयामी व्यक्तित्व, उनके वैचारिक योगदान तथा राष्ट्र जीवन में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। कवियां ने अपने वक्तव्य से श्रोताओं में कार्यक्रम के प्रति गंभीरता एवं बौद्धिक उत्साह का संचार किया। अतिथियों एवं कवियों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी के अमित मौर्य, भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा, शीतल राठौर, रवि जायसवाल, महेंद्र साठ साठे, किशोर रघुवंशी श्रीमती गांगले ने किया। संचालन राकेश यादव ने किया। आभार प्रदर्शन श्री मौर्य ने माना। जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने बताया कि 25 दिसंबर से मनाए जा रहे जन्म शताब्दी वर्ष के तहत हुए इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य अटल जी के विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को जन.जन तक पहुंचाना थाए और यह विभिन्न स्तर पर आयोजित किए गए।